# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

वेबसाइट: www.bsbccl.bihar.gov.in

BSBCCL

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company

(A Government of Bihar Undertaking)

Website: www. www.bsbccl.bihar.gov.in

Build Green, Live Green!

CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांकः–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–304/2017 (प्रशासन) दिनांक–

## कार्यालय आदेश सं0–30/2022

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा क्रियान्वित सभी योजनाओं के संदर्भ में अद्यतन स्थिति की जानकारी, समस्याओं को चिन्हित कर उसका समाधान तथा गुणवत्तापूर्वक ससमय क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक उप महाप्रबंधक परियोजना कार्यान्वयन इकाई को निदेश है कि पी0आई0यू0 स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को संवेदक के साथ बैठक आहूत करेंगे। उक्त बैठक में पी0आई0यू0 के संबंधित अभियंता/कर्मी, सभी योजनाओं के संवेदक (स्वयं) तथा उनके अभियंता निश्चित रूप से भाग लेंगे। इस बैठक की कार्यवाही उप महाप्रबंधक द्वारा निगम मुख्यालय को निश्चित रूप से भेजी जाए।

2. मुख्यालय स्तर पर मुख्य महाप्रबंधक द्वारा प्रत्येक त्रैमासिक स्तर पर माह के तृतीय मंगलवार (उक्त तिथि को अवकाश हो तो बुधवार या गुरूवार) को महाप्रबंधक (दक्षिण) एवं महाप्रबंधक (उत्तर) क्षेत्र के लिए अलग–अलग बैठक आयेजित किया जाए। इस संदर्भ में प्रथम बैठक आगामी माह में निर्धारित किया जाए। उक्त बैठक में ₹ 5 करोड़ से ज्यादा के सभी योजनाओं को शामिल किया जाएगा तथा ₹ 5 करोड़ से कम लागत की समस्याग्रस्त योजनाओं को भी शामिल किया जाएगा। उक्त बैठक में संबंधित महाप्रबंधक, महाप्रबंधक (परामर्शी), महाप्रबंधक (वित्त), संबंधित उप महाप्रबंधक, संवेदक (स्वयं) तथा उनके अभियंता निश्चित रूप से भाग लेंगे। मुख्य महाप्रबंधक द्वारा उक्त बेठक में नये योजनाओं (कार्यावंटन के पूर्व तक के प्रगति) के संदर्भ में भी समीक्षा की जाएगी।

3. वर्णित बैठक की कार्यवाही में प्रत्येक योजना का कार्यारंभ होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, एकरारनामा की राशि, योजना विलम्ब से है अथवा ससमय है, समस्या, कार्य की प्रगति, कार्यस्थल पर SBD के अनुरूप सभी पंजी एवं प्रयोगशाला है अथवा नही एवं अन्य आवश्यक विषयों का स्पष्ट उल्लेख रहना अनिवार्य है।

इसका दृढ़ता से अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए।

ह0/–
(प्रबंध निदेशक)

ज्ञापांकः– 2770 पटना/दिनांकः– 27/8/22

प्रतिलिपिः–मुख्य महाप्रबंधक/सभी महाप्रबंधक/सभी क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक एवं आई0टी0 मैनेजर बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/8/22
(प्रबंध निदेशक)